तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 1 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



4 प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के विशेष अभियान में जांजगीर-चांपा प्रदेश में प्रथम

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## देर रात पहुंचे जिले के पुलिस कप्तान ने ग्रामीणों से की चर्चा फिर हुआ ऐलान

# महिलाओं की जागरूकता से अमोरा हुआ नशामुक्त, अब बनेगा पूर्णतः हेलमेटयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिलाओं की जागरूकता से मुलमुला थाना क्षेत्र का गांव अमोरा नशा मुक्त हो चुका है। अब इस गांव को पूर्णतः हेलमेट युक्त बनाने की कवायद शुरू हो गई है। अमोरा पहुंचे एस पी ने गांव को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। अमोरा को पूर्णतः नशा मुक्त घोषित कर हेलमेट युक्त गांव बनाने एक हेलमेट पति के नाम अभियान की शुरुआत की।

नशा मुक्ति की दिशा में मुलमुला थाना क्षेत्र के गांव अमोरा की महिलाओं की मेहनत रंग लाई है। गांव की 150 महिला कमांडो की मुहिम से गांव में अब नशे का अवैध कारोबार थम चुका है। अमोरा पहुंच कर एस पी विजय पाण्डेय ने अभियान में सहभागिता निभाने वाली महिलाओं का सम्मान किया। एस पी ने सरपंच सहित 150 महिला कमांडो को नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और अवैध शराब रोकथाम में उत्कृष्ट योगदान पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। एस पी ने अमोरा को पूर्णतः नशामुक्त घोषित किया। साथ ही अब गांव को पूर्णतः हेलमेट युक्त बनाने अभियान का आगाज किया। मौके पर एक हेलमेट पति के नाम अभियान की शुरुआत करते हुए हेलमेट बांटे गए। सड़क सुरक्षा को नई दिशा देते हुए एस पी ने महिला कमांडो टीम को 'एक हेलमेट पति के नाम' अभियान के तहत हेलमेट वितरित किए। अब गांव की महिलाएं सड़क हादसों से लोगों की जान बचाने हेलमेट लगाने सभी को जागरूक करेंगी।इस मौके पर एस पी विजय पाण्डेय ने कहा कि नशा सिर्फ शरीर नहीं तोड़ता, परिवार का भविष्य भी अंधेरे में धकेल देता है। इसलिए सभी संकल्प लें कि न खुद नशा करेंगे और न किसी को करने देंगे। एस पी ने महिलाओं से कहा कि पति की सलामती पत्नी की सबसे बड़ी दौलत है। घर से निकलते वक्त हेलमेट जरूर याद दिलाएं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 90 प्रतिशत लोग हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाते हैं। अब सभी को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करने की बात ग्रामीणों ने कही। अमोरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, अकलतरा एस डी ओ पी प्रदीप कुमार सोरी, मुलमुला थाना प्रभारी पारस पटेल समेत महिला कमांडो और ग्रामीण उपस्थित थे।

नशामुक्त गांव बनाने वाली महिलाएं हुई सम्मानित



### रेडियम पट्टी बांधकर बचा रहे जान

गांव की महिलाएं सड़क सुरक्षा की दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं खुद रात में सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर उनके गले में रेडियम पट्टी बांधती हैं, जिससे रात में वाहन चालकों को दूर से मवेशी दिख जाएं और दुर्घटना टले। एस पी ने अमोरा की महिला कमांडो टीम के अनूठे प्रयास की प्रशंसा की और इस पहल को पूरे जिले के लिए अनुकरणीय बताया। ए एस पी ट्रैफिक ने महिला कमांडो टीम को गांव की असली प्रहरी बताया।

## खबर संक्षेप

### किसानों को पूर्व वर्ष की तरह मिलेगा एकमुश्त यूरिया

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ फसल में जिले के किसानों को अब पूर्व वर्ष 2025 की तरह एकमुश्त यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। शासन द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के अनुसार सहकारी क्षेत्र में यूरिया वितरण के लिए निर्धारित 80 प्रतिशत की सीमा समाप्त कर दी गई है। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया कि खरीफ 2026 में किसानों को खरीफ 2025 में प्राप्त यूरिया की मात्रा के बराबर यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को यूरिया का वितरण एकमुश्त अथवा संबंधित सहकारी समिति में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी समिति में यूरिया की उपलब्धता कम होने के कारण किसान को उसकी पात्रता के अनुसार पूरी मात्रा नहीं मिल पाती है, तो शेष मात्रा समिति में यूरिया उपलब्ध होने पर प्रदान की जाएगी। शासन के इस निर्णय से किसानों को यूरिया वितरण में सुविधा मिलेगी तथा खरीफ सीजन के दौरान आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध हो सकेगा।

### जनदर्शन में कुल 46 आवेदन हुए प्राप्त, निराकरण के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों को संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए। नामांकन, बटांकन एवं राजस्व अभिलेखों की जांच करवाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर के भाटापारा निवासी राजलक्ष्मी घृतलहरे द्वारा राजस्व रिकॉर्ड सुधरवाने, भाटापारा निवासी फिरनलाल सूर्यवंशी द्वारा सीमांकन करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 7 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 7 जुलाई को जिले में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि उक्त तिथि को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी।

### मालखरौदा में साल भर पहले तामझाम के साथ हुआ था वृहद पौधरोपण

# पौधे लगाने के बाद नहीं देखा पलटकर, ठूंठ तक हुए गायब




साल भर पहले लगाए थे पौधे




वर्तमान में ठूंठ तक पता नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले के मालखरौदा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा साल भर पहले तामझाम के साथ वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया था। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में पौधे लगाए थे, पर अफसोस पौधे लगाने के बाद किसी ने उसे पलटकर नहीं देखा। वर्तमान में स्थिति यह है कि लगाए गए पौधे के ठूंठ तक नहीं बचे है।

गौरतलब है कि पिछले साल 25 जुलाई को वन महोत्सव के दौरान वन विभाग ने जोर-शोर से पौधरोपण अभियान चलाया था। अभियान के तहत जिले के जनप्रतिपनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पेड पौधे लगाने की महत्ता और उसके संरक्षण को लेकर लंबी चौड़ी बातें कही गई। फिर सबने तामझाम के साथ पौधे लगाए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारियों की तस्वीरें भी उतारी गई, परंतु अफसोस पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद किसी ने लगाए गए पौधों की ओर पलटकर नहीं देखा। ऐसे में बरसात के बाद लगाए गए पौधे एक एक करके सूखते चले गए। कुछ ही महीनों में स्थिति यह बनी कि लगाए गए पौधों के ठूंठ के सामने एक नाम पट्टिका पड़ी रही। इसके कुछ महीने बाद ना तो पौधों के ठूंठ बचे और ना ही लगाई गई नाम पट्टिका।

#### तामझाम से हुआ था कार्यक्रम, सौंपी थी संरक्षण की जिम्मेदारी

बीते 25 जुलाई को वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत मालखरौदा क्षेत्र में वृहद पैमाने पर हुए पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पहुंचे अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पौधों की संरक्षण को लेकर लंबी चौड़ी बातें कही गई थी। दावों के मुताबिक पौधरोपण के बाद घेराबंदी के लिए ट्री गार्ड और नियमित सिंचाई के लिए जल संसाधन विभाग को जिम्मेदारी सौंपी थी, परंतु आयोजन के बाद किसी ने यहां की सुध नहीं ली। पौधरोपण के बाद ना तो ट्री गार्ड लगाया और ना ही सूखे के दिनों में पौधों को नियमित पानी देने की कोई पुख्ता व्यवस्था। ऐसे में लगाए गए पौधे एक एक करके सूखते चले गए। वर्तमान में पौधों का कही कोई नामो निशान नहीं है।

#### कराएंगे जांच

साल भर पहले कराएं गए पौधरोपण में पौधे नहीं होने के मामलों को लेकर जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-रूपेन्द्र पटेल
एसडीएम
मालखरौदा

## निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग में वाहनों के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

### एनएचआई ने सभी एंट्री व एग्जिट पाइंट किए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के बलौदा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यातायात पुलिस ने इस संबंध में परियोजना निदेशक को पत्राचार किया था। मार्ग में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी प्रकार के वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। नियम का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि उरगा से बलौदा, पंतोरा, बिलासपुर भारतमाला मार्ग का काम अभी पूरा नहीं हो सका है। इसके बावजूद इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरु हो गई थी। जो वाहन इस मार्ग पर चलते हैं वो सड़क खाली होने के कारण तेज रफ्तार से दौड़ते थे। इससे हादसों का खतरा बढ़ गया था। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर जिला पुलिस प्रशासन ने भारतमाला परियोजना के परियोजना निदेशक कोरबा को पत्र भेजकर इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कराने की मांग की थी। इसी बीच रविवार 28 जून की सुबह बलौदा थाना क्षेत्र के गांव कोरबी में भारत माला सड़क पर बड़ा हादसा हो गया। पैदल सैर के लिए निकले तीन ग्रामीणों को तेज रफ्तार वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर वाहन समेत चालक फरार हो गया। हादसे के बाद अब आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर जांजगीर-चांपा पुलिस की पहल पर निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यातायात जांजगीर चांपा पुलिस के पूर्व में पत्राचार किए गए पत्र पर परियोजना निदेशक कोरबा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उरगा–बिलासपुर भारतमाला मार्ग को पूर्णतः बंद कर दिया गया है, जिससे निर्माण कार्य सुरक्षित एवं सुचारु रूप से पूरा किया जा सके तथा संभावित सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। सड़क पर जगह जगह स्टॉपर लगा दिए गए हैं। एनएचआई ने सभी एंट्री व एग्जिट पाइंट बंद कर दिए है। सीसीटीवी के माध्यम से इसकी निगरानी की जाएगी। नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।



स्टापर लगाकर किया गया मार्ग बंद।

#### यातायात पुलिस की अपील

यातायात पुलिस ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग का उपयोग किसी भी स्थिति में न करें। जब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक केवल वैकल्पिक एवं सुरक्षित मार्गों का ही उपयोग करें। वर्तमान में भारतमाला रोड में किसी प्रकार की एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, लाइट, सीसीटीवी सर्विलांस एवं अन्य सुरक्षा संबंधी सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग का उपयोग नहीं करने की अपील की गई है।

### आईपीएल मैच में सट्टा लगाने के मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने के मामले में फरार आरोपी मंझली तालाब निवासी शिवाजी राव इंगले को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल एवं 46 हजार 270 रुपए बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ जुआ प्रतिशेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने फरार आरोपी शिवाजी राव इंगले को 30 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया।

## मुस्कान को मिला सम्मान, पुलिस ने सौंपी परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर की जिम्मेदारी

**जांजगीर-चांपा।** शराब के विरोध में अपनी ही बारात को वापस लौटा कर पूरे प्रदेश में साहस और सामाजिक जागरूकता की मिसाल बनने वाली ग्राम कोसमंदा थाना चांपा क्षेत्र की मुस्कान को जांजगीर चांपा पुलिस ने सम्मानित करते हुए परिवार परामर्श केंद्र, जांजगीर में काउंसलर का दायित्व सौंपा।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती सतरूपा तारम एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगिता खापर्डे की उपस्थिति में मंगलवार 30 जून को मुस्कान सहित काउंसलर्स को कार्यभार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएसपी योगिताबाली खापर्डे एवं डीएसपी अजाक सतरूपा तारम ने कहा कि मुस्कान ने सामाजिक बुराई के खिलाफ जो साहसिक निर्णय लिया, वह समाज विशेषकर युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर विधिक सलाहकार लक्ष्मी जायसवाल, परामर्श काउंसलर्स सुश्री निशा खान, सरस्वती सोनी, तान्या अनुरागी पांडे, संगीता पांडे, संतोषी सिंह, संतोषी साहू, मंजूलता राठौर, श्रीमती चंदेल उपस्थित रही।

### विधायक ने दिया समर्थन, सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

# किसानी छोड़ सड़क निर्माण की मांग पर आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

आषाढ़ के महीने में जहां किसानों को खेतों में खेती-किसानी के कार्यों में जुटा होना चाहिए, वहीं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोंगाकोहरौद के ग्रामीण और युवा अपनी मूलभूत आवश्यकता पक्की सड़क के लिए आमरण अनशन करने को मजबूर हैं। सड़क निर्माण की मांग को लेकर शुरू हुआ आमरण अनशन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांग की लगातार अनदेखी कर रही है, जिसके चलते उन्हें अन्न-जल त्यागकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन और आमरण अनशन जारी रहेगा। उनका कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर काम चाहिए। आंदोलन को कांग्रेस विधायक शेषराज हरबंश का लगातार समर्थन मिल रहा है। विधायक दूसरे दिन भी अनशन स्थल पहुंचीं और आंदोलनकारियों के बीच बैठकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी जायज मांग पूरी होने तक वे उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी।




आमरण अनशन को समर्थन देने पहुंची पामगढ़ विधायक।

#### जनता के अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई : शेषराज

अनशनकारियों को संबोधित करते हुए विधायक शेषराज हरबंश ने कहा कि आषाढ़ के इस महत्वपूर्ण कृषि सीजन में किसानों का खेत छोड़कर अनशन पर बैठना सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है।उन्होंने कहा, ?यह जनता के अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई है। क्षेत्र की जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं अपने लोगों के साथ हर पल खड़ी हूं। जब तक पक्की सड़क निर्माण शुरू नहीं होता, तब तक यह संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा।

#### आंदोलन की प्रमुख बातें

पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी। खेती-किसानी छोड़कर किसान और ग्रामीण आंदोलन में शामिल हो रहे है। विधायक शेषराज हरबंश लगातार दूसरे दिन अनशन स्थल पहुंचीं और समर्थन दिया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि सड़क बनने के बाद ही अनशन खत्म किया जाएगा।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संदेश देता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत माखुरपानी में आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बोर्ड एवं प्राथमिक स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार की कक्षा 12वीं की छात्रा लक्ष्मनिया यादव, जिन्होंने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया, उनका विशेष सम्मान किया गया। वहीं प्राथमिक शाला गढ़कटरा की कक्षा 5वीं की छात्रा मुस्कान मंझवार, जिन्होंने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए, उन्हें भी साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगेश कुमार त्रिपाठी, विश्वनाथ कंवर, पुराना बाई मंझवार, बहोरन लाल मंझवार, थान सिंह कंवर, लखन मंझवार उपस्थित रहे।

### मुढ़ापार-कोरबी सड़क बनी विकास की नई पहचान

**कोरबा।** जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के विकास में बड़ी बाधा बना हुआ था। गांवों की जर्जर सड़कें, विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान, लोगों की परेशानी का प्रमुख कारण थीं। आवागमन बाधित होने से विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने, मरीजों को अस्पताल जाने, किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने तथा ग्रामीणों को दैनिक आवश्यक कार्यों के लिए अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता था। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन्हीं विकास कार्यों में ग्राम मुढ़ापार से धतूरा होते हुए कोरबी एवं खम्हरिया तक सड़क के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल किया गया। यह लगभग 4.40 किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में थी।

### बुद्ध कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**कोरबा।** सूर्यवंशी समाज की प्रतिष्ठित संस्था बुद्ध कल्याण समिति के कार्यकाल वर्ष 2026-2029 के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रमेश सूर्यवंशी द्वारा सभी पदों के आधिकारिक वोट और परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस बार के चुनाव में मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया, जिसके कारण कई पदों पर बेहद करीबी और कांटे की टक्कर देखने को मिली। चुनाव समिति द्वारा जारी किए गए अंतिम आंकड़ों के अनुसार, रोमांचक मुकाबले में जगदीश खरे और लाभों राम सूर्यवंशी की करीबी जीत हुई। अध्यक्ष पद के मुकाबले में जगदीश खरे को कुल 48 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी लाभो राम सूर्यवंशी को 42 वोट प्राप्त हुए। इस तरह जगदीश खरे ने 6 वोटों के अंतर से अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर भी मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। सुभाष सूर्यवंशी को कुल 46 वोट मिले, जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नारायण प्रसाद (43 वोट) को मात्र 3 वोटों के मामूली अंतर से शिकस्त देकर जीत हासिल की। सचिव पद के त्रिकोणीय मुकाबले में दिनेश टेंगवार ने एकतरफा बढ़त बनाते हुए सबसे अधिक 43 वोट हासिल किए और सचिव पद की कमान अपने नाम की। उनके प्रतिद्वंदियों में रामकुमार सोनवानी को 23 वोट और रूपचंद लाठिया को 22 वोट मिले।

# पीएम श्री स्कूल के छात्र करेंगे विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर का भ्रमण

## सोमवार को हुए जिले से रवाना, सात दिन रहेंगे भ्रमण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के स्कूली छात्रों को देश के तकनिकी संस्थानों का अवलोकन कराने का कार्य शिक्षा विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जिससे छात्रों को तकनीकी जानकारी के साथ भविष्य मे कैरियर, निर्माण क़ी दिशा भी मिलती छात्रों के साथ स्कूल के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को भी भ्रमण मे भेजा जा रहा है। इसी कढ़ी मे जिले के पीएम श्री स्कूल के छात्रों को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर के भ्रमण के लिए भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को पीएम श्री विद्यालय के सात विद्यार्थी संबंधित विद्यालय के सात टीचर और जिला कार्यालय से दो नोडल अधिकारियों की टीम 29 जून से 5 जुलाई तक शैक्षणिक भ्रमण के लिए विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, अहमदाबाद, गुजरात के



लिए कलेक्ट्रेट परिसर कोरबा से रवाना हुई। भ्रमण में जाने वाले सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के द्वारा सुबह 6 बजे हरी झंडी दिखाकर बस को बिलासपुर के लिए रवाना किया गया। जिसमें कटघोरा ब्लॉक के पीएमश्री एकलव्य हायर सेकेण्डरी छुरीकला के विद्यार्थी रीनू तथा व्याख्याता प्रतिभा यादव, कोरबा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस बालको के विद्यार्थी कोमल कुमार तथा व्याख्याता मनोज वैष्णव, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस अंग्रेजी पोड़ी उपरोड़ा के विद्यार्थी कृष्णा साहू तथा व्याख्याता सुश्री नेहा सिंह, कोरबा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस हिन्दी तिलकेजा के विद्यार्थी विवेक कैवर्त तथा व्याख्याता पुष्पलता राठौर, कटघोरा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस हिन्दी, अंग्रेजी स्कूल बांकीमोंगरा के विद्यार्थी आशी राय तथा व्याख्याता श्रीमती मुक्ता थंकचन, कटघोरा ब्लॉक के सेजेस अंग्रेजी स्कूल दीपका के विद्यार्थी कुंदन पटेल तथा व्याख्याता उमेश कुमार, कटघोरा ब्लॉक के सेजेस अंग्रेजी स्कूल करतला के विद्यार्थी अभय प्रताप राठिया तथा व्याख्याता श्रीमती नीलिमा पटेल शामिल हैं।

## कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज के ग्राम धवलपुर की घटना

# युवक पर हाथी ने किया हमला, मौत



घटनास्थल में पड़ा मृतक का शव।



परिजनों को आर्थिक सहायता देते वन कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में अपना स्थायी ठिकाना बना चुके हाथियों का आंतक लगातार बढ़ते ही जा रहा है। रविवार की रात

**खास बात**

- दस हाथियों का झुंड जटगा रेंज में कई दिनों से कर रहा है विचरण

मवेशी की तलाश में जंगल पहुंचे एक युवक पर हाथी ने हमला कर मौत के घात उतार दिया है। हाथी हमले की घटना की सूचना पर वन अमले की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतक के परिजनों को तत्कालिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। वहीं घटना के बाद वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में 10 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि रविवार की रात ग्राम धवलपुर के बंधवापारा निवासी संतोष कुमार गोड़ पिता शिवमंगल गोड़ उम्र 40 वर्ष रात लगभग 9 बजे अपने मवेशियों की तलाश में गांव से लगे जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान कक्ष क्रमांक पी-270 बासीन परिसर में पहले से डेर डाले हाथियों के झुंड में से एक एक दंतैल हाथी से संतोष का सामना हो गया और दंतैल हाथी ने संतोष को देखते ही उस पर हमला कर सूंड से उठाकर मौत के घात उतार दिया। देर रात को हाथी हमले की सूचना मिलते ही कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर तत्काल वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को जंगल की ओर किसी तरह खदेड़ा गया। जिसके बाद वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही शुरू की। पंचनामा के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। वहीं सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध करायी गई। वहीं हाथी हमले से ग्रामीण की मौत होने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।



क्षेत्र में मंडराता हाथियों का झुण्ड।

**मवेशी खोजने या फिर हाथी खदेड़ने गए थे ग्रामीण**

वन विभाग के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि ग्रामीणों ने संतोष को मवेशी खोजने जाने की बात उन्हें दी है लेकिन वन विभाग के प्रारंभिक जांच में हाथी आने की सूचना पर संतोष व कुछ अन्य ग्रामीण हाथी को खदेड़ने पहुंचे थे और इसी दौरान जब एक दंतैल हाथी ने पलट कर उन्हें दौड़ाया है तब संतोष हमले का शिकार हुआ है। हालांकि अधिकारियों ने इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा मुनादी कर हाथी के नजदीक ना जाने व घरों में रहने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी लोग अपने हरकतों से बाज नहीं आते हैं और घटना के शिकार हो जाते हैं।

**एक सप्ताह के भीतर हमले से दूसरी मौत**

कटघोरा वनमंडल में लगभग 50 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है जो अगल अलग झुंड में विभक्त हो गया है जिससे वन अमले की परेशानी बढ़ गई है। एक सप्ताह के भीतर हाथी के हमले में दूसरी मौत से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे पहले एक लोनर हाथी ने केंदई रेंज के पतुरियाडांड में एक वृद्ध महिला को कुचल दिया था जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता है कि अब फिर से जटगा रेंज में दूसरी घटना सामने आयी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जंगल में पर्याप्त सुरक्षा मुहैया उपलब्ध करानी चाहिए। वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं हालांकि वन अमले की टीम गांव गांव में मुनादी कर सतर्क जरूर कर रही है लेकिन जानमाल की नुकसान से ग्रामीणों की मुश्किले बढ़ती जा रही है।

# लापता युवती का जंगल में मिला था शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप




ग्रामीणों को समझाते थाना प्रभारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दिन पहले ही लापता युवती की लाश वनांचल क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया था। जिसके बाद सोमवार को मृतिका के परिजन बड़ी

**खास बात**

- बालको थाना पहुंचे थे मृतिका के परिजन, थानेदार की समझाइश पर मामला हुआ शांत

संख्या में बालको थाना पहुंच गए और मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करने लगे जिसके बाद जहां थाना प्रभारी ने मृतिक के परिजनों को आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरवताल निवासी हरिराम धनवार की 18 वर्षीय पुत्री सपना धनवार 7 जून को अपने घर से सर्वमंगला मंदिर जाने के नाम पर निकली थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी थी परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तो 10 जून को परिजनों ने इस मामले के लिखित शिकायत कुसमुंडा थाने में दर्ज कराई थी जिसके बाद सपना धनवार का नर कंकाल बालको थाना क्षेत्र के सरायपाली सुखाडीह के जंगल से बरामद किया गया था। सोमवार को मृतिका के परिजन बड़ी संख्या में बालको थाना जा पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए उनका कहना था कि युवती को मेवा टिकरा निवासी एक युवक अपने साथ लेकर घूमता था उसकी भूमिका संदिग्ध है। परिजनों ने मामले में हत्या का आरोप लगाया है। वहीं बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने मृतिका के परिजनों को आश्वस्त किया है कि शव का पीएम कराया गया साथ ही एफएसएल जांच भी करायी गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे और पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस तत्वरित कार्यवाही करेग।

# राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आराध्या ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आराध्या लोहानी ने अपने संवर्ग में कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

आराध्या लोहानी मनोज लोहानी की सुपुत्री हैं जो शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माता श्रीमती अनिता लोहानी आश्रम शाला बिंझरा में शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। माता-पिता के मार्गदर्शन तथा अपनी लगन, मेहनत और कला के प्रति समर्पण के बल पर आराध्या ने यह उपलब्धि अर्जित की है। प्रतियोगिता के दौरान आराध्या ने अपने प्रभावशाली कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देकर निर्णायकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति को तकनीकी दक्षता, भावाभिव्यक्ति और मंच संचालन के लिए विशेष सराहना मिली। आराध्या इससे पूर्व भी विभिन्न



पुरस्कार प्राप्त करती आराध्या।

सांस्कृतिक एवं कला मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं तथा अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। उनकी निरंतर सफलता यह दर्शाती है कि वे भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विधा में उज्ज्वल भविष्य रखती हैं। आराध्या की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, कला प्रेमियों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



### तेज रफ्तार कार नहर किनारे दीवार से टकराई

**कोरबा।** सर्वमंगला कनवेरी मार्ग में सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 12 बीएफ 4112 सोनपुरी पुल के पास आधे अधूरे ब्रेकर से टकरा कर अनियंत्रित हो गई और सीधे नहर किनारे बने दीवार से जा टकराई। कार के एयर बैग खुलने से कार के सामने सीट में बैठे पति पत्नी बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है कि दंपति बिलासपुर जिले के उसलापुर से कोरबा आ रहे थे, इस दौरान यह हादसा हुआ।

### 170 प्रतिभागियों ने मेगा शतरंज प्रतियोगिता में लिया भाग

**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा सीनियर क्लब, कोरबा ईस्ट में मेगा शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से 170 प्रतिभागियों ने भाग लेकर इसे सबसे बड़ी शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक बना दिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संजीव कंसल मुख्य अभियंता, डीएसपीएम, विशिष्ट अतिथि राणा विश्वकर्मा अध्यक्ष, जिला शतरंज संघ एवं विशेष अतिथि इंजीनियर योगेश गोयल उपस्थित रहे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। समारोह में अतिथि विशिष्ट घनश्याम अग्रवाल एवं विशेष अतिथि सीए आशीष अग्रवाल भी उपस्थित रहे। श्री देवांगन ने शतरंज के महत्व को बताया और इस आयोजन को लेकर जेसीआई कोरबा सेंट्रल की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के प्रत्येक विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफियां एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागी को मेडल एवं सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
चांपा, दिनांक 23/6/2026

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :- आवेदकगण विनोद कुमार राजेश कुमार पिता स्व. नारायण प्रसाद सोनी निवासी सदर बाजार चांपा निवासी चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. द्वारा चांपा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 05 ए. भू-खण्ड क्रमांक 138 क्षेत्रफल 1378 वर्गफुट भूमि/मकान निर्मित है, जो नजूल अभिलेख में अनावेदकगण रूखमणी बाई, स्व.नारायण संतोषकुमार, दिनेश कुमार पिता स्व. नारायण प्रसाद लक्ष्मीवती पति संतोष कुमार सोनी वगै.के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसमें रूखमणी बाई पति स्व.नारायण प्रसाद सोनी की मृत्यु दिनांक 01.03.2020 को हो गयी है जिसे आवेदकगण ने फौती नामांतरण किये जाने सहपत्रों आवेदन पत्र धारा 109, 110 अंतर्गत सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे अपना दस्तावेजी आपत्ति/दावा दिनांक 7/7/2026 तक इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 23/6/2026 को जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम-बरेकेलकला प.ह.नं........
दिनांक 18/06/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामू पिता करिया बुड़गा जाति केंवट निवासी बरेकेलकला तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता करिया बुड़गा के मृत्यु दिनांक 12/07/1998 स्थान-बरेकेलकला पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 2/07/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 18/06/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम-बरेकेलकला प.ह.नं........
दिनांक 18/06/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामू पिता करिया बुड़गा जाति केंवट निवासी बरेकेलकला तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने माता जहरी के मृत्यु दिनांक 10/09/1999 स्थान-बरेकेलकला पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 2/07/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 18/06/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम-बरेकेलकला प.ह.नं........
दिनांक 17/06/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामू पिता करिया बुड़गा जाति केंवट निवासी बरेकेलकला तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पत्नी हरिमति के मृत्यु दिनांक 19/11/1994 स्थान-बरेकेलकला पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 2/07/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 17/06/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम-बरेकेलकला प.ह.नं........
दिनांक 18/06/2026

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खूबूराम केंवट पिता धोनोराम केंवट जाति केंवट निवासी बरेकेलकला तहसील हसौद जिला-सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने दादी मां सगुनमति के मृत्यु दिनांक 30/12/2019 स्थान-बरेकेलकला पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 2/07/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 18/06/2026 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**

TOP IN JANJGIR

N·S·D·C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leela's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### सदगुरु कबीर दास प्राकट्य दिवस पर किया गया कबीर चबूतरा का भूमि पूजन

**अंबिकापुर।** सदगुरु कबीर दास जी के प्राकट्य दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने ग्राम पंचायत बरढोढ़ी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में संत शिरोमणि कबीर दास जी के उपदेशों के विषय में विस्तार से बातचीत की गई तथा मानव-मानव एक समान की बात कही गई। ग्रामीण जनों के बीच चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने उनके सुख-दुख में साथ रहने की बात कही तथा ग्रामीणों ने भी पिछले ढाई वर्षों में हुए विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा भाजपा सरकार के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया। जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर ने कहा की डबल इंजन की सरकार लोगों की जीवन में शांति तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आम लोगों के आवास से लेकर के स्वच्छ पेयजल, अच्छी सड़क तथा अन्य कार्य भी लगातार कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर के द्वारा अनुमोदित किए गए 4 लाख रूपए की लागत से बन रहे कबीर चबूतरा का भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू सिंह, दिगंबर यादव, जगजीवन दास, सरपंच कन्तोष कुजूर, केवल यादव तथा सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस उपस्थित थे।

### रामनगर के केवटापारा में वर्षों बाद बन रही सड़क

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत रामनगर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित केवटापारा में कई वर्षों बाद सड़क निर्माण होने से मोहल्लेवासियों में खुशी का माहौल है। वर्षों से सड़क के अभाव में लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय निवासी भैयालाल प्रजापति ने बताया कि उनके मामा ने आजादी से पहले इस मोहल्ले में घर बनाया था। उस समय केवल तीन परिवार यहां रहते थे, जबकि वर्तमान में करीब 10 परिवार निवास कर रहे हैं। इसके बावजूद आज तक सड़क नहीं बनने से लोगों को बरसात सहित अन्य मौसमों में काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। उन्होंने बताया कि अब ग्राम पंचायत की सरपंच संगीता रोहित प्रताप सिंह के प्रयासों से सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हूआ है, जिससे मोहल्ले के लोगों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए आवागमन सुगम हुआ है।

### नपं उपाध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने छात्र -छात्राओं कराया न्योता भोज

**कुसमी।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में ही न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में छात्र -छात्राओं सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं ने न्योता भोज किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने विद्यालय में न्योता भोज कराने की सराहना की।

## सिविल, इलेक्ट्रिकल में बढ़ी युवाओं की रूचि

# प्रथम काउंसलिंग में पॉलीटेक्निक के 50 फीसदी सीटों पर हुए प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निजी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ने के बाद डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि बढ़ी है। वर्तमान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही हैं तथा प्रथम काउंसलिंग में लगभग 50 फीसदी सीटें भर गई है।

**खास बात**

- नई संस्थाओं में नाम मात्र के प्रवेश

कोविड काल के बाद डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि कम हो गई थी। शासकीय विभागों में रोजगार उपलब्ध नहीं होने के कारण पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी काफी निराश थे। संस्था के अधिकारी-कर्मचारी विभिन्न स्कूलों का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को तकनीकी पाठ्यक्रमों की उपयोगिता बताकर लगातार जागरूकता अभियान चला रहे थे इसके बावजूद सीटें खाली रह जाती थी। पिछले सालों से निजी क्षेत्र में डिप्लोमाधारी युवाओं की मांग बढ़ने एवं पढ़ाई करने वाले अधिकांश विद्यार्थियों को निजी कंपनियों में रोजगार मिलने के बाद स्थिति बदली है तथा छात्र-छात्राएं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में रूचि ले रहे हैं। तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रति छात्र-छात्राओं की रूचि से शासकीय पॉलीटेक्निक के अधिकारी-कर्मचारी काफी उत्साहित हैं।




### सर्वाधिक प्रवेश अम्बिकापुर में

संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में संचालित सबसे पुराने शासकीय पॉलीटेक्निक में 248 सीटों के विरूद्ध विभिन्न संकायों में प्रथम कांउसलिंग में 203 सीटें आवंटित की गई है जिसमें 106 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। पिछले साल मात्र 188 सीटों पर ही विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। इसी तरह शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर में 189 सीटों के विरूद्ध प्रथम दौर में 158 सीटें आवंटित की गई हैं तथा 82 सीटों में प्रवेश हुआ है। गत वर्ष 139 सीटों पर प्रवेश हुआ था। शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में स्वीकृत 92 सीट में 60 सीटें आवंटित की गई है तथा 42 प्रवेश हुए है। पिछले साल संस्था में 60 प्रवेश हुए थे। शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में स्वीकृत 92 सीट के विरूद्ध 54 सीटें आवंटित की गई हैं तथा 29 प्रवेश हुए हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज में 180 सीटों में से 16 सीटें आवंटित की गई हैं तथा मात्र 10 प्रवेश हुए है। शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर में 91 सीटों में से आवंटित 11 में से मात्र 4 एवं शासकीय पॉलीटेक्निक बगीचा में 60 सीट के विरूद्ध आवंटित 7 सीटों में से मात्र 4 पर प्रवेश हुए है। भवन, अध्यापक, लैब सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण शासकीय पॉलीटेक्निक कोरिया, रामानुजगंज, जशपुर एवं बगीचा में हर साल काफी कम प्रवेश हो रहे हैं।

### बढ़ी है विद्यार्थियों की रूचि

रोजगार की संभावनाएं बढ़न के कारण सिविल, इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रूचि बढ़ी है। प्रथम दौर में लगभग 50 फीसदी सीटों पर प्रवेश हुए हैं। 3 जुलाई से द्वितीय चरण के प्रवेश होंगे। इस बार सभी सीटों पर प्रवेश होने की उम्मीद है। संस्था के अधिकांश विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है।

-आरजे पाण्डेय
प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक

# बिश्रामपुर शाखा में ध्वज फहराकर सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सूरजपुर के निर्देशानुसार सोमवार को आदिम जाति सेवा सहकारी बैंक, बिश्रामपुर शाखा में सहकारिता ध्वज फहराकर सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष रितेश जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रामानंद जायसवाल उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद रितेश जायसवाल ने उपस्थित किसानों एवं बैंक उपभोक्ताओं को सहकारिता सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार देशभर में सहकारिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर बैंक उपभोक्ताओं को एटीएम कार्ड भी वितरित किए तथा शाखा की गतिविधियों की जानकारी ली। शाखा प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी दिलीप दुबे ने बताया कि सहकारी सप्ताह के दौरान नवीन सदस्यता अभियान, समिति के बायलॉज का वाचन, जिला स्तरीय बैठक, एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर परिचर्चा, कृषक संगोष्ठी, मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, ड्रोन प्रदर्शन, माइक्रो एटीएम के माध्यम से वित्तीय लेनदेन, नए किसान क्रेडिट कार्ड ( के सी सी ) निर्माण, एटीएम कार्ड वितरण, स्वच्छता अभियान तथा पौधरोपण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्षद रविशंकर बउवा, अमित मित्तल, पूर्व सरपंच भानु प्रताप सिंह, फील्ड ऑफिसर अतुल उपाध्याय, कैशियर कविता केरकेट्टा,र ा हुल केसरी सहित किसान और बैंक उपभोक्ता उपस्थित रहे।



# जनता की शिकायतों को नम्रतापूर्वक सुनें और उनके साथ करें गरिमापूर्ण व्यवहार : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के थाना-चौकी के बीट प्रणाली को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शनिवार को कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बुनियादी पुलिसिंग को सुदृढ़ करना और जनता के बीच सुरक्षा की भावना बढ़ाना था। कार्यशाला में जिलेभर के पुलिस अधिकारी व बीट प्रभारी मौजूद रहे। जिले के 22 थाना-चौकी क्षेत्रों के कुल 558 ग्रामों के लिए 70 बीट बनाई हैं। एसएसपी ने बीट प्रणाली को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में पुलिस रेगुलेशन के पैरा के अनुसार कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस हल्कों एवं बीट व्यवस्था में दिए गए निर्देशों को विस्तार से बताया।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि बीट प्रणाली पुलिस व्यवस्था का सबसे जमीनी और महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बीट क्षेत्र के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे किसी भी सूचना, सावधानी की जानकारी को प्रत्येक बीट के नागरिक को अवगत कराया जा सके। बीट प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाई जाए और बीट क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर नागरिकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करें। जमीनी स्तर पर असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करते हुए सटीक जानकारी हासिल कर तत्काल एक्शन ले। क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाए ताकि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, बुजुर्गों की मदद और युवाओं को जागरूक करना भी बीट प्रणाली का हिस्सा है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सीएसपी बेनार्ड कुजूर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी राजेश जोशी, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, डीएसपी अजाक रीना नीलम कुजूर, डीएसपी अनूप एक्का एवं जिले थाना-चौकी प्रभारी सहित सभी बीट प्रभारी मौजूद रहे।

# आधी-अधूरी तैयारी के साथ देर से पहुंचे आग बुझाने, पांच निलंबित

**बलरामपुर।** आग लगने की सूचना के बाद भी देरी व आधी अधूरी तैयारी पहुंचना दमकल कर्मियों को महंगा पड़ गया है। कलेक्टर के निर्देश पर फायर इंचार्ज समेत पांच पर यह कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने इस लापरवाही पर पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप एक मकान में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन इस दौरान कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। दमकल की टीम पहले तो घटना स्थल पर काफी विलंब से पहुंची इसके साथ ही दमकल के वाहन में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं था। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद वाहन में पानी भरने की प्रक्रिया शुरू की ई। जिससे आग बुझाने के कार्य में अनावश्यक विलंब हुआ और आग पर नियंत्रण पाने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगा।

इस बात को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। इसके साथ ही मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने तत्काल रूप से जिला सेनानी नगर सेना को दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए।

### गांव पहुंची टीम ने घर-घर जाकर पिलाई पोलियो ड्रॉप

**बिहारपुर।** पल्स पोलियो अभियान में बड़ी संख्या में बच्चों के दवा से वंचित रहने की खबर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग की टीम संबंधित गांव पहुंची और घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का विशेष अभियान चलाया। मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें पोलियों की खुराक पिलाई, जो पहले अभियान से छूट गए थे। इस दौरान कांग्रेस नेता लवकेश गुर्जर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर अभियान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान केवल 10 प्रतिशत बच्चों को ही मितानिनों द्वारा पोलियों की दवा पिलाई गई थी, जबकि करीब 90 प्रतिशत बच्चे अभी भी वंचित थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल विशेष कैंप लगाकर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक उपलब्ध कराने की मांग की थी।

# कुर्सी का ऐसा मोह, नए प्रभारी बीईओ ने किया ज्वाइन लेकिन नहीं मिला चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए शिक्षा विभाग के कार्य योजना तथा शिक्षकों को सही दिशा निर्देश पर निर्भर है। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी कुर्सी की वचर्सव की लड़ाई में उलझे रहे तो इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर कितना असर पड़ेगा यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति प्रतापपुर विकासखंड का शिक्षा विभाग की है। इन दिनों एक ऐसे प्रशासनिक संकट के बीच खड़ा है, जिसने पूरे जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी को लेकर ऐसी स्थिति बन गई है कि शिक्षक और कर्मचारी खुद यह तय नहीं कर पा रहे कि आखिर विभाग में वैध आदेश किसका माना जाए।




जानकारी के अनुसार, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मूल पद पर पदस्थ मुन्नूलाल धुर्वे पिछले करीब सात वर्षों से प्रभारी बीईओ का दायित्व संभाल रहे हैं। इसी बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने व्याख्याता अरुण कुमार पांडेय को प्रभारी बीईओ नियुक्त करते हुए आदेश जारी किया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार श्री पांडेय ने ज्वाइनिंग भी दे दी है, लेकिन अब तक उन्हें विधिवत प्रभार नहीं सौंपा गया है। ऐसे में कई सवाल खड़े होने लगे हैं। यदि शासन ने नया आदेश जारी कर दिया है, तो फिर चार्ज हस्तांतरण क्यों नहीं हो रहा? क्या कोई प्रशासनिक अड़चन है, या मामला किसी अन्य वजह से अटका हुआ है? इन सवालों के जवाब अभी स्पष्ट नहीं हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने पुराने विवादों को भी फिर से चर्चा में ला दिया है। मुन्नूलाल धुर्वे के लंबे समय तक एक ही स्थान पर प्रभारी बीईओ बने रहने को लेकर पूर्व में कई शिकायतें जिला प्रशासन, संभाग आयुक्त और स्कूल शिक्षा विभाग तक भेजी जा चुकी हैं। शिकायतों में शासन की स्थानांतरण नीति के उल्लंघन, निरीक्षण कार्यों में कमी तथा विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर विभिन्न आरोप लगाए गए थे। हालांकि इन आरोपों पर अंतिम निर्णय संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाना शेष है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान तत्कालीन कलेक्टर ने उनके विरुद्ध निलंबन प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे। उस कार्रवाई की वर्तमान स्थिति क्या है, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### शासन का आदेश सर्वोपरि

शासन का आदेश सर्वोपरि है और उसका पालन किया जाना अनिवार्य है। यदि आदेश के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब सामने आता है तो पहले पूरे मामले की वास्तविकता की जांच कराई जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीमती रेना जमील
कलेक्टर सूरजपुर
















## खबर संक्षेप

### सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर किकिरदा में हुआ ध्वजारोहण



**बिर्रा।** जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति किकिरदा में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम सोसायटी अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने ध्वजारोहण कर सहकारिता गीत का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। इस दौरान संस्था प्रबंधक कुशत राम चंद्रा ने सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों, योजनाओं और किसानों की आर्थिक मजबूती में सहकारी संस्थाओं के बारे में जानकारी दी। संस्थाओं में सप्ताहभर विविध गतिविधियां आयोजित होगी। इस अवसर पर लुदु राम, हंसा राम, प्रदीप कश्यप, रुद्र कश्यप, हेमंत चंद्रा, लक्ष्मी मांझी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### अब घर पहुंच सेवा प्रदान करेगा पशु मोबाइल मेडिकल एम्बुलेंस

**सक्ती।** पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और छत्तीसगढ़ सरकार के पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई संचालित है, जिसके लिए हेल्पलाइन 1962 डायल करके पशु चिकित्सा के लिए अपना जानकारी दे सकते हैं। इसके बाद पशुधन मालिक के दरवाजे पर 1962 वाहन डॉक्टर सहित समय पर उपचार प्रदान करेगा। जब दिन के किसी भी समय 1962 आपातकालीन सेवा केंद्र पर पशुधन मालिक से इमरजेंसी कॉल प्राप्त होता है, तो पूछकर बेसिक जानकारी प्राप्त किया जाता है और कॉल करने वाले को उनके निकटतम सरकारी मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिक/एम्बुलेंस, अस्पताल तक जानकारी प्रसारित की जाती है। कॉल सेंटर में पशु चिकित्सक आपातकाल के प्रकार का पता लगाता है और या तो ऑनलाइन मेडिकल डायरेक्शन (ओएलएमडी) प्रदान करता है या एम्बुलेंस भेजता है। पशु चिकित्सक के साथ एम्बुलेंस पशुपालक के दरवाजे तक पहुंचती है, बीमार मवेशियों की स्थिति का आकलन करती है और मौके पर ही उपचार प्रदान करती है।

### खरौद के प्राचीन सबरी मंदिर में पूर्णमासी भजन का हुआ आयोजन



**खरौद।** प्राचीन सबरी मंदिर खरौद में ज्येष्ठ पूर्णिमा को बड़ी संख्या में नारिशक्तियो द्वारा सुंदर स्वर लय से संगीतमय भजन गाया गया। अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने माता शबरी के राम की प्रतीक्षा एवं उनकी भक्ति पर प्रकाश डालते हुए उनके गुरु मतंग के वचनों पर विश्वास की कहानी को सरल और सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने खरौद में मतंग ऋषि के मूर्ति स्थापना के संबंध में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी साझा की। बरसात में मुक्तिधामों में महामाया आध्यात्मिक परिषद एवं भजन मंडलियों के प्रयास से किए जाने वाले वृक्षारोपण के तैयारीके संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जी भगवान की कथा एवं भजन के इतने रसिक हैं कि जहां भी इस प्रकार के आयोजन होता है भक्त हनुमान वहां पहुंचे बगैर नहीं रहते। जैसा की कथा में आता है कि संजीवनी बूटी लेने जैसे अतिआवश्यक कार्य को भी थोड़ी देर के लिए छोड़ कर कपटीकालनेमि के भजन में शामिल हो जाते हैं। कार्यक्रम को जानकी देवी यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में सहोदराकर्ष, राधिका यादव, भुवनेश्वरी यादव, राजकुमारी नोनिया, सुख बाईआदित्य, मंटोरा आदित्य,ललिता थवाईत, जमुना यादव, तीज मतियादव,शांति श्रीवास, मंगली बाई, कुमारी आरती ,कुमारी आरुषि, भगवती साहू, अनुसूया आदित्य, गिरजा आदित्य, सरही आदित्य, श्यामबाई आदित्य, रमाबाई आदित्य, गौरी यादव, पुष्पा आदित्य, कावेरी यादव का सहयोग प्राप्त हुआ।

### किसानों की आर्थिक मजबूती में सहकारी संस्था की भूमिका के बारे में दी गई जानकारी



**बिर्रा।** जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित डभराखुर्द, बैंक शाखा बिर्रा में सोमवार 29 जून को सहकारी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारी सप्ताह लगातार चलेगा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित डभराखुर्द के अध्यक्ष छोटेलाल पटेल ने सतरंगिया ध्वज फहराकर सहकारिता गीत का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। इस दौरान संस्था प्रबंधक हीरो साहू ने सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों, योजनाओं और किसानों की आर्थिक मजबूती में सहकारी संस्था की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष छोटे लाल पटेल, संस्था प्रबंधक हीरो साहू, छत्रपाल साहू, टिकेंद्र कौशिक, पकलू राम कश्यप, चंद्रभूषण कश्यप, मकसूदन कश्यप, मनोज कश्यप, रथ लाल पटेल, ध्रुव कुमार कश्यप, सम्मेलाल पटेल, , लक्की पटेल, दिलीप टंडन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

863 पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर लक्ष्य के विरुद्ध 106.5 प्रतिशत हासिल किया अंक

# प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के विशेष अभियान में जांजगीर-चांपा प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत पात्र गर्भवती महिलाओं के पंजीयन के मामले में जांजगीर-चांपा जिला प्रदेश में पहले पायदान पर है। यहां 863 पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर लक्ष्य के विरुद्ध 106.5 प्रतिशत अंक हासिल किया गया है।

भारत शासन द्वारा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 15 जून से 15 जुलाई तक विशेष अभियान (स्पेशल ड्राइव) संचालित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि जिले में 25 जून तक 863 पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर लक्ष्य के विरुद्ध 106.5 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए जिला स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की गई तथा समय-समय पर सभी पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके परिणामस्वरूप जमीनी स्तर पर पात्र हितग्राहियों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया गया, जिससे उन्हें योजना का लाभ एवं निर्धारित राशि समय पर प्राप्त हो सके। इससे गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के साथ-साथ कार्य से होने वाली आर्थिक क्षति की आंशिक भरपाई में भी सहायता मिल रही है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। वर्तमान में भी नवीन पात्र हितग्राहियों का पंजीयन लगातार जारी है, ताकि जिले का कोई भी पात्र हितग्राही प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के लाभ से वंचित न रहे। उल्लेखनीय है कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के साथ-साथ कार्य से होने वाली आर्थिक क्षति में प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत सहायता राशि मिलती है। इसके लिए जिला स्तर पर मॉनिटरिंग समिति बनाई गई है, वहीं इसके लिए सभी सेक्टर पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण एवं अन्य जानकारी उपलब्ध कराई गई है।



महिला से जानकारी प्राप्त करती पर्यवेक्षक।

### शासकीय प्राथमिक शाला के सामने बना गहरा गड्‌ढा, हादसे की आशंका

**तनौद।** विकासखंड पामगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला खरगहनी के ठीक सामने तालाबनुमा गड्ढे बन गए हैं जिनकी गहराई 6 से 10 फीट तक है। इन गड्ढों में बरसात का पानी भर गया है और चारों तरफ बेसरम की घनी झाड़ियां व घास उग आई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के सामने बने ये गहरे गड्ढे छोटे बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से गहराई का अंदाजा नहीं लगता। ऊपर से बेसरम की झाड़ियों ने रास्ता ढंक दिया है। कभी भी कोई बच्चा फिसलकर गड्ढे में गिर सकता है। बच्चों और शिक्षकों को दिक्कत विद्यालय के सामने फैली गंदगी, जलभराव और झाड़-झंखाड़ से बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। गंदे पानी से बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। पालकों का कहना है कि झाड़ियों में सांप-बिच्छू निकलने का डर बना रहता है, जिससे छोटे बच्चों को अकेले भेजने में डर लगता है। स्कूल भवन पर बाला पेंटिंग के जरिए स्वच्छता और शिक्षा का संदेश तो दिया गया है, लेकिन जमीनी हालात इसके उलट हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत और शिक्षा विभाग को अवगत कराने के बाद भी सफाई नहीं कराई गई। ग्रामवासियों और शाला प्रबंधन समिति ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल स्कूल के सामने बने 6 से 10 फीट गहरे गड्ढों को मिट्टी से पाटा जाए, बेसरम की झाड़ियों की कटाई और घास की सफाई कराई जाए, जलभराव की स्थायी निकासी की व्यवस्था हो। विभाग का दायित्व बरसात के मौसम में संक्रमण और हादसे की आशंका को देखते हुए शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत को समय रहते गड्ढे पाटने और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ रामेंद्र जोशी का कहना है कि शाला परिसर के सामने बड़े बड़े गढ्ढे होने की जानकारी मिला है। जांच कर गड्ढे में मिट्टी भराई कराया जाएगा ताकि नौनिहाल बच्चों को आने जाने में दिक्कत न हो।





विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव करते विधायक एवं नगरवासी।

# 132 केव्ही सब स्टेशन की मांग को लेकर नगरवासियों ने घेरा दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

नवागढ़ क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती एवं 132 केव्ही सब स्टेशन बनाए जाने की मांग को लेकर नगरवासियों ने विधायक के नेतृत्व में मंगलवार 30 जून को विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया। इस बीच अपनी मांगों को लेकर जल्द से जल्द व्यवस्था बनाने की बात कही।

■ विद्युत मंडल के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

ज्ञात हो कि नवागढ़ क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में लगातार बिजली की कटौती हो रही है। हल्दी बूंदाबादी एवं हल्की सी हवा चलने पर बिजली बंद कर दी जाती है। इस समस्या को लेकर मंगलवार 30 जून को नगरवासियों ने विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में विद्युत दफ्तर का घेराव कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि नवागढ़ क्षेत्र में िविद्युत मंडल द्वारा मनमाने पूर्वक बिजली की कटौती की जा रही है, जिसके चलते लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई है। उनकी मांग है कि नगर पंचायत नवागढ़ में 132 केव्ही सब स्टेशन बनाई जाए एवं नवागढ़ क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए। उनका कहना है कि अघोषित बिजली कटौती से पेयजल के साथ विद्युत उपकरण से चलने वाले मशीन प्रभावित हो रहे है। उन्होंने व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# वरिष्ठजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर : केसरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर जयदीप गर्ग एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार कुशवाहा के निर्देशानुसार जागृति योजना 2025 के तहत वरिष्ठजन अधिकार , सशक्तिकरण और गरिमा थीम पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम समाधान सिद्ध कुटी अद्वैत आश्रम पामगढ़ में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया ।

उन्होंने वरिष्ठजनों को समाज की नींव बताते हुए कहा कि बुजुर्गों को केवल आश्रय देना ही नहीं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें गरिमामय जीवन देना हम सबकी नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम, निःशुल्क कानूनी सहायता , लोक अदालत , समाधान समारोह, चेक बाउंस आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दीं। पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप ने मंच संचालन करते हुए वरिष्ठजनों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की पेंशन योजना , आयुष्मान भारत योजना , तीर्थ यात्रा योजना की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन नगर पंचायत पामगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े ने किया। इस अवसर राधाकांत केसरी, वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद कुमारी सुमन कुर्रे, आश्रम के पुजारी बालाराम, पार्षद प्रतिनिधि मनमोहन कुर्रे, पीएलव्ही नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पाषर्दगण एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# मजदूरी राशि पाने कलेक्टर दफ्तर का चक्कर काट रहे 22 हमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में हमाली करने वाले 22 मजदूरों को आज पर्यंत उनकी खून पसीने की कमाई अब तक नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर मजदूरों ने कलेक्टर पहुंचकर जनदर्शन में इसकी जानकारी कलेक्टर को देते हुए शीघ्र राशि भुगतान किए जाने की मांग की है।

■ राशि भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में चौथे बार लगाई गुहार

धान खरीदी, तौल, सिलाई और अन्य कार्य को करने वाले 22 हमाली मजदूर खुद की कमाई की मजदूरी राशि पाने अब कलेक्टर दफ्तर का चक्कर काट रहें है। मजदूरों ने चौथी बार फिर मंगलवार 30 जून को अपनी फरियाद को लेकर कलेक्टर से मुलाक़ात करके अपनी मजदूरी राशि भुगतान की मांग किया है। शिकायत कर्ता हमाल मजदूरों ने बताया कि चांपा तहसील अंतर्गत ग्राम सिवनी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 272 में धान खरीदी केंद्र में खरीफ वर्ष 2025,26 में धान खरीदी के दौरान उन्होंने मजदूरी की है। मुकरदम अहिंवरण कश्यप एवं मोहपाल दोनों ने मिलकर सिवनी मंडी का धान उपार्जन कार्य हेतु सिवनी समिति प्रभारी एवं धान खरीदी प्रभार के साथ स्टाम्प पेपर में धान खरीदी उपार्जन हेतु प्रति क्विंटल 10 रूपये की दर से भुगतान करने हेतू नोटरी कराया गया था। जिसकी कॉपी समिति के पास सुरक्षित है। धान खरीदी के दौरान सभी मजदूर तौलाई, सिलाई, स्टेकिंग, लोडिंग का कार्य किया। उन्होंने बताया कि मजदूरी राशि भुगतान पाने रोज धान खरीदी केंद्र समिति के ऑफिस का चक्कर लगाते थक हार चुके हैं। भुगतान की बात कहने पर समिति के प्रबंधक के द्वारा गोल मोल घुमाया जा रहा है। 3 माह बीत जाने के बाद भी मजदूरी राशि नहीं मिली है। शिकायतकर्ता महिपाल कश्यप और उनके साथी हमालो ने बताया कि जिला सहकारी बैंक शाखा चांपा के प्रबंधक को हमाली राशि भुगतान के सम्बन्ध में मौखिक पूछे जाने पर राशि भुगतान कर दिए जाने की बात कहते हुए वापस लौटा दिया जाता है। महिपाल कश्यप समेत तीजराम, रामसागर कश्यप,दिनेश कुमार, लक्ष्मीनारायण कंवर,राजू कश्यप, प्रेमसिंह कंवर, बिपत कंवर, बनवारी पटेल, दिलहरण कश्यप, राजेश कंवर सहित 22 हमालों ने कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाते हुए राशि भुगताए कराए जाने की मांग की है।



कलेक्टर जनदर्शन में मजदूरी राशि दिलाए जाने की मांग को लेकर पहुंचे हमाल।

# ध्वजारोहण कर सहकारिता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत जिला सक्ती के अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समिति पोरथा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के अधिकारियों, बैंक प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने सहकारी ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बसंत कुमार संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर, मनीष खोब्रागडे सहायक पंजीयक, जिला सक्ती, प्रेम पटेल भाजपा नेता एवं प्राधिकारी अधिकारी पोरथा, शैलेंद्र तिवारी शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सक्ती, अभिषेक मिश्रा सहकारी विस्तार अधिकारी, ब्लॉक सक्ती, आर. सी. ध्रुव अंकेक्षक सक्ती सहित जनप्रतिनिधियों और उपस्थित किसानों ने एकजुट होकर सहकारिता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उनके अधिकारों और समिति के नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंक सक्ती के शाखा प्रबंधक शैलेंद्र तिवारी द्वारा समिति के 'बायलॉज' (उप-नियमों) का विस्तृत वाचन किया गया। उन्होंने पढ़कर सभी उपस्थित किसानों को समिति की कार्यप्रणाली, नियमों और योजनाओं से अवगत कराया, ताकि किसान भाई सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी आह्वान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पोरथा के कार्यालय परिसर में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया।



किसानों को बायलॉज नियमों की जानकारी देते अधिकारी।

# सेवा सहकारी समिति शिवरीनारायण में किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित, शिवरीनारायण (पंजीयन क्रमांक–56) में प्रथम चरण के रूप में ध्वजारोहण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं सहकारी ध्वज के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घासीराम कश्यप एवं समिति प्रबंधक दिनेश कुमार कश्यप ने सहकारी ध्वज का सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण कर सहकारिता की समृद्ध परंपरा एवं उसके मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से सहकारी ध्वज गीत का गायन कर सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान भाई उपस्थित रहे। उपस्थित किसानों को सहकारिता की भावना, समिति की विभिन्न योजनाओं तथा किसानों के हित में संचालित गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की गई। वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है।इस अवसर पर समिति के कर्मचारी अजय कश्यप, मनीष कश्यप, सूरज कुमार एवं श्रीमती विमला यादव ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की प्रभावशाली दलीलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शासकीय टी.सी.एल.स महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा एक मूट कोर्ट मंचन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विधि के विद्यार्थियों को न्यायालयीन कार्यवाही का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उनकी वकालत, तर्क-वितर्क एवं कानूनी अनुसंधान क्षमता का विकास करना था।

इस मूट कोर्ट का विषय एनडीपीएस एक्ट पर आधारित था, जिसमें विद्यार्थियों ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष की प्रभावशाली दलीलें प्रस्तुत कीं। न्यायालयीन प्रक्रिया का यथार्थपूर्ण मंचन करते हुए विद्यार्थियों ने गवाहों की जिरह, साक्ष्यों का विश्लेषण तथा विधिक प्रावधानों का प्रभावी ढंग से प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. अभय सिन्हा (सहायक प्राध्यापक) तथा डॉ. आभा सिन्हा (विभागाध्यक्ष, विधि विभाग) के निर्देशन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण से विधि शिक्षा अधिक प्रभावी एवं उपयोगी बनती है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी . आर. लहरे तथा मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मूट कोर्ट में ग्रुप '' सी " के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। न्यायधीश - मेष कुमार देवांगन, लोक अभियोजक - मनोज कुमार , पूजा, बचाव पक्ष अधिवक्ता- खेमानंद , नीलम, आरोपी - पीयूष, पुलिस अधिकारी - खुशीलाल, सहायक पुलिस अधिकारी - लक्की, एस. डी. एम. अधिकारी - कुसुम, पटवारी - कविता . एस. डी. ओ. पी. अधिकारी - किशन कुमार. कोर्ट मैनेजर- निलेश . स्टेनो- कुसुमलता , पूजा . गवाह- प्रदीप , प्रदीप, नेतराम . मंच संचालन- नीलम . मुंसिफ - पवन आदित्य ने अपना दायित्व निभाया ।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विधि के छात्र–छात्राएं।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जून 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, कुल योग= | | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

